Savoir sans Frontières

http://www.savoir-sans-frontieres.com

# सिंड्रेला 2000

# 2000

Jean-Pierre Petit

जीन-पियरे पेटिट



Hindi Translation :
Arvind Gupta

# सीमाओं के बिना ज्ञान


**गैर-लाभकारी संगठन एसोसिएशन 2005 में बनाई गई और दो फ्रांसीसी वैज्ञानिकों द्वारा प्रबंधित की गई। उद्देश्य: मुफ्त डाउनलोड करने योग्य पीडीएफ के माध्यम से तैयार किए गए बैंड का उपयोग करके वैज्ञानिक ज्ञान का प्रसार करना। 2020 में: 40 भाषाओं में 565 अनुवाद इस प्रकार हासिल किए गए थे। 500,000 से अधिक डाउनलोड के साथ।**



Jean-Pierre Petit Gilles d'Agostini

**एसोसिएशन पूरी तरह से स्वैच्छिक है। धन पूरी तरह से अनुवादकों को दान कर दिया।**

**दान करने के लिए, होम पेज पर पेपाल बटन का उपयोग करें:**



http://www.savoir-sans-frontieres.com

PayPal
FAIRE UN DON

प्रोफेसर जीन-पियरे पेटिट पेशे से एक एस्ट्रो-फिजिसिस्ट हैं. उन्होंने "एसोसिएशन ऑफ़ नॉलेज विदआउट बॉर्डर्स" की स्थापना की और वो उसके अध्यक्ष भी हैं. इस संस्था का उद्देश्य वैज्ञानिक और तकनीकी ज्ञान और जानकारी को अधिक-से-अधिक देशों में फैलाना है. इस उद्देश्य के लिए, उनके सभी लोकप्रिय विज्ञान संबंधी लेख जिन्हें उन्होंने पिछले तीस वर्षों में तैयार किया और उनके द्वारा बनाई गई सचित्र एलबम्स, आज सभी को आसानी से और निशुल्क उपलब्ध हैं. उपलब्ध फाइलों से डिजिटल, अथवा प्रिंटेड कॉपियों की अतिरिक्त प्रतियां आसानी से बनाई जा सकती हैं. एसोसिएशन के उद्देश्य को पूरा करने के लिए इन पुस्तकों को स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के पुस्तकालयों में भेजा जा सकता है, बशर्ते इससे कोई आर्थिक और राजनीतिक लाभ प्राप्त न करें और उनका कोई, सांप्रदायिक दुरूपयोग न हो. इन पीडीएफ फाइलों को स्कूलों और विश्वविद्यालयों के पुस्तकालयों के कंप्यूटर नेटवर्क पर भी डाला जा सकता है.



जीन-पियरे पेटिट ऐसे अनेक कार्य करना चाहते हैं जो अधिकांश लोगों को आसानी से उपलब्ध हो सकें. यहां तक कि निरक्षर लोग भी उन्हें पढ़ सकें. क्योंकि जब पाठक उन पर क्लिक करेंगे तो लिखित भाग स्वयं ही "बोलेगा". इस प्रकार के नवाचार "साक्षरता योजनाओं" में सहायक होंगे. दूसरी एल्बम "द्विभाषी" होंगी जहां मात्र एक क्लिक करने से ही एक भाषा से दूसरी भाषा में स्विच करना संभव होगा. इसके लिए एक उपकरण उपलब्ध कराया जायेगा जो भाषा कौशल विकसित करने में लोगों को मदद देगा.
जीन-पियरे पेटिट का जन्म 1937 में हुआ था. उन्होंने फ्रेंच अनुसंधान में अपना करियर बनाया. उन्होंने प्लाज्मा भौतिक वैज्ञानिक के रूप में काम किया, उन्होंने एक कंप्यूटर साइंस सेंटर का निर्देशन किया, और तमाम सॉफ्टवेयर्स बनाए. उनके सैकड़ों लेख वैज्ञानिक पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं जिनमें द्रव यांत्रिकी से लेकर सैद्धांतिक सृष्टिशास्त्र तक के विषय शामिल हैं. उन्होंने लगभग तीस पुस्तकें लिखी हैं जिनका कई भाषाओं में अनुवाद हुआ है.

निम्नलिखित इंटरनेट साइट पर एसोसिएशन से संपर्क किया जा सकता है:
http://savoir-sans-frontieres.com

वैसे राजा जॉर्ज का राज्य काफी सुखी और शांत था.
लेकिन आज वो कुछ चिंतित दिख रहे थे.




फिलिप, तुम आखिर यह क्या बना रहे हो?
एक मशीन पिताजी! उड़ने के लिए एक मशीन.
तो क्या तुम पक्षियों की तरह उड़ना चाहते हो? पर भगवान अगर वो चाहते, तो उन्होंने हमें पंख दिए होते.
पर जहाँ तक मुझे पता है चमगादड़ों के पंख नहीं होते, पर वे भी पक्षियों की तरह ही उड़ सकते हैं.
चमगादड़ों जैसे पंख बनाना काफी आसान है. पर उनमें सिर्फ एक चीज गायब है - उन्हें चलाने के लिए बल! क्या कोई ऐसा तंत्र है जो इस चमत्कार को संभव कर सके?


देखो, तुम्हारी अभी तक कोई पत्नी नहीं है, इसलिए राज्य का कोई वारिस भी नहीं है. और मैं अब बूढ़ा हो रहा हूं.
लेकिन पिताजी, शादी से पहले आदमी और औरत के बीच ज़रूर कुछ समान रुचियाँ होनी चाहिए. लेकिन आपने अभी तक जो भी लड़कियां सुझाई हैं उनमें से किसी की भी उड़ान में कोई रुचि नहीं है.
अच्छा बताओ, तुम अपने सपनों की लड़की को कैसे पहचानोगे? क्या वो एक पक्षी-महिला होगी या फिर एक चमगादड़-महिला?
एक जादूगर ने मुझे बताया है कि मैं देखते ही उसे पहचान लूंगा.
मेरा बेटा एकदम पागल है!
वो बेकार की चीज़ों के पीछे लगा है. धीरे-धीरे साल बीत रहे हैं और उसकी उम्र बढ़ रही है ...
महाराज आप दुखी न हों. ऐसा दुर्लभ पक्षी अपने राज्य में कहीं-न-कहीं ज़रूर होगा. आप एक शानदार नृत्य-पार्टी आयोजित करें और उसमें शादी के लिए लायक सभी लड़कियों को आमंत्रित करें.



एक शानदार नृत्य-पार्टी, ठीक है ... लेकिन हम उसमें केवल ऊंचे घरानों की लड़कियों को ही बुलाएँगे.
आप चाहें तो ऐसा ज़रूर करें, लेकिन राजकुमार फिलिप, राजकुमारियों की ज्यादा परवाह नहीं करता है. मेरा एक सुझाव है महाराज, आप एक नकाबपोश नृत्य-पार्टी आयोजित करें.
ठीक है. तारीख तय करो, और फिर पूरे राज्य में इसकी घोषणा करवाओ.
महाराज, आपके आदेश का तुरंत पालन होगा.
उस राज्य में अपनी एकलौती बेटी के साथ एक आदमी रहता था. पत्नी के मरने के बाद उसने दुबारा शादी की थी. दूसरी पत्नी की अपनी खुद की दो बेटियां थीं. और फिर उस आदमी की खुद मृत्यु हो गई. दूसरी पत्नी ने सिर्फ संपत्ति हथियाने के लिए ही उससे शादी की थी. अब दूसरी पत्नी अपनी सौतेली बेटी पर घोर अत्याचार करने लगी और उसने उसे रसोई में एक गुलाम बना दिया.


लड़की फटे कपड़े पहने, अपनी सौतेली माँ का दुर्व्यवहार सहती थी. वो सुबह से शाम तक रसोई में खटती थी. और रिवाज़ के अनुसार शाम को चिमनी की राख में बैठती थी.
जिसके कारण ही उसका नाम "सिंड्रेला" पड़ा.
देखो, राजा का दूत आया है. वो क्या चाहता है?
दरवाजा खोलो, महिलाओं. मैं महाराज जॉर्ज का एक संदेश लाया हूँ.


निमंत्रण में अगले महीने के दसवें दिन बिना किसी अपवाद के, हर युवा महिला को नकाबपोश नृत्य-पार्टी में भाग लेना होगा. प्रतिष्ठित परिवारों वाली, विवाह योग्य सभी लड़कियों को, उसमें भाग लेना ज़रूरी है.
आपके घर में तीन युवा महिलाओं के लिए यह रहे तीन निमंत्रण पत्र.
तीन? लेकिन माँ, हम तो सिर्फ दो ही हैं!
तीसरी मैं हूं!
बेशक, सिंड्रेला को भी नृत्य-पार्टी में जाने का अधिकार है. पहले ही उसकी हुलिया काफी खराब है. वो भेष बदल कर वहां जा सकती है ...




दिन बीतते गए और फिर नृत्य-पार्टी की तारीख आ गई.
राजा के महल में चाकरों ने तय किया कि नृत्य-पार्टी....



...बगीचे में आयोजित की जाएगी.
फिर ऊंची दीवारों से घिरे सुन्दर बगीचे में,
मेज़ें सजाने, लैंप लटकाने और नृत्य के लिए एक
विशेष चबूतरा बनाने में सब लोग व्यस्त हो गए.


मैडम की दोनों लड़कियों की लंबी नाकों के कारण, उनके लिए विशेष नकाब बनवाए गए.
मैडम की दोनों लड़कियां, राजकुमारियों जैसे सजधज कर गयीं. उन्हें उम्मीद थी कि राजकुमार फिलिप उन्हें ज़रूर पसंद करेगा.
देखो सिंड्रेला, अब गाड़ी तैयार है. क्या तुम पक्का नहीं आ रही हो. मुझे यकीन है कि नौकरानी की पोशाक में तुम्हें बड़ी सफलता मिलेगी.


नृत्य-पार्टी, नौकरानियों के लिए नहीं होती है.
सिंड्रेला नृत्य-पार्टी में नहीं जाएगी.
बिल्ली, इस बार हालात ज़्यादा ही खराब हैं.
चलो, देखो ...


नकाबपोश नृत्य-पार्टी कोई राजनयिक पार्टी नहीं है. लेकिन मैं इस खराब पोशाक में तुम्हें वहां जाने नहीं दे सकती. चलो उठो, सब ठीक हो जाएगा.
ओह, धर्म माँ!
देखो ... राजा के महल में जाने के लिए तुम्हें एक बहुत अच्छी पोशाक चाहिए होगी.
रेशम की पोशाक, लंबे काले दस्ताने, मखमल का पर्स ... जो तुम पर एकदम ठीक जंचे!.


लेकिन ... निमंत्रण? मैं उसके बिना महल में कैसे घुस पाऊंगी? निमंत्रण तो मेरी सौतेली माँ के पास है.
मुझे पता है कि निमंत्रण कहां रखा है. सौतेली माँ ने उसे अपने बेडरूम की दराज में रखा है. उसे पाना आसान नहीं होगा.
मैडम को यकीन नहीं था कि सिंड्रेला नृत्य-पार्टी में जाएगी. तुम्हें उस निमंत्रण कार्ड को चुराना ही होगा.
लेकिन हम मैडम के बेडरूम में घुसेंगे कैसे? वो इस समय वहीं पर हैं और वो हमेशा रात को देर से सोती हैं.
तुम्हें ही वहां जाकर निमंत्रण लाना ही होगा. पर इस पोशाक में नहीं. मैं तुम्हारे लिए कोई अन्य ड्रेस खोजूंगी.
MiAOU!..
मियाऊं! ..
11



वो क्या?
तुम्हें एक ऐसी पोशाक चाहिए जो तुम्हें रात में पूरी तरह से अदृश्य बना दे.
बिल्ली को रात में अदृश्य होना आता है. तुम भी बिल्ली जैसा ही करो.
देखो, क्या बात है!
OH!..

बिना कोई शोर मचाए अपनी नई पोशाक पहनकर,
सिंड्रेला मीनार की अंधेरी सीढ़ी से उतरी.




सिंड्रेला, राजा की नृत्य-पार्टी में?
तब शायद सूअर उड़ें!
Ah Ah...
आह आह...
सब नष्ट हो गया,
उसने निमंत्रण पत्र जला डाला.
वो दुष्ट औरत!
लेकिन तुम चिंता मत करो,
मुझे कुछ अन्य तरकीबें भी आती हैं.


तुम इस काली टोपी को पहनो, इससे तुम महल में घुस पाओगी.
क्या मुझे दीवारों में से होकर गुजरना होगा?
?
नहीं, उनके ऊपर से!
अजीब टोपी है! मैं उसका क्या करूंगी?
उससे क्या करना है ये तुम्हें तब पता चलेगा जब मैं तुम्हें एक अन्य जादुई चीज़ दूँगी.
वो क्या चीज़ है?
जूते!


इस जादुई टोपी के कारण तुम हवा में उड़ पाओगी और महल की दीवारों के ऊपर से जाकर पार्टी में शामिल हो पाओगी. टोपी तुम्हें यहां वापस भी लाएगी. लेकिन एक बात ज़रा ध्यान से सुनो:
यह जरूरी है कि तुम आधी रात से पहले ही उड़ान भरकर वापिस घर आओ, नहीं तो फिर यह मंत्र काम नहीं करेगा. फिर टोपी तुम्हें हवा में वापिस नहीं ला पायेगी.
धन्यवाद, धर्म माँ!
अब ज़रा जल्दी करो!
ध्यान रखना और आधी रात से पहले ही वापिस आना!


मुझे महल की रोशनी दिखाई दे रही हैं.
महाराज नृत्य-पार्टी बड़ी सफल रहीं, क्यों है न?
आपका बेटा, जो आमतौर पर बिल्कुल खोया रहता है आज राज्य की सबसे सुंदर लड़कियों के साथ बस नाचता ही रहा.
हाँ, लगता है उसे खूब मज़ा आया. क्या इसका मतलब है कि मुझे हर हफ्ते एक नृत्य-पार्टी का आयोजन करना होगा जिससे वो शिकार और उड़ान मशीन के अलावा किसी अन्य चीज में अपनी रूचि दिखाए.
वैसे राजकुमार को नृत्य-पार्टी बहुत पसंद आई.
17


ओह, कृपया मुझे माफ करें ...
?
क्या आप ही वो उड़ने वाली महिला हैं?
घास के मैदान पर अभी कौन उतरा था?
भगवान की कसम! तुम एक चमगादड़-महिला हो. क्या तुमने चमगादड़ों की उड़ान का रहस्य खोज निकाला है?
नहीं, बिलकुल नहीं. यह बस एक पोशाक है. जब शाम आपने मेरी टोपी फहराते हुए देखी, तब आपने ज़रूर कोई सपना देखा होगा.


मैं कसम खाकर कहता हूँ कि मैंने तुम्हें खुद लॉन पर हवा में से उतरते हुए देखा ...
नहीं, मैं कोट के फड़फड़ाने की आवाज़ सुनने के लिए घास पर दौड़ रही थी. मैं चमगादड़ होने का सिर्फ नाटक कर रही थी.
अरे बाप रे! उसने मुझे वाकई में देखा. अब मुझे कुछ बहाना बनाना होगा.....
क्या आपको नकाबपोश नृत्य-पार्टी में इस तरह के सवाल पूछने चाहिए? अगर आप मुझे नृत्य के लिए आमंत्रित करें तो वो बेहतर होगा.
क्या ... तुम्हारा नाम क्या है?
आप मुझे रॉबिन-हुड जैसे लगते हैं?
शायद ... मैं हूँ भी.


सिंड्रेला को यह नहीं पता था कि वो राजकुमार फिलिप की बाहों में नाच रही थीं. उसे समय के तेज़ी से बीतने का कोई एहसास नहीं हुआ.
अचानक !!
DONG
अब समय हो गया है!
किस चीज़ का समय?
माफ करें, मुझे तुरंत जाना होगा!
तुरंत!?! लेकिन पार्टी तो अभी शुरू ही हुई है!


मुझे जल्दी-से-जल्दी घर पहुंचना है!
DONG!
अरे! लेकिन .. यह तो बड़ी बेतुकी बात है. अगर तुम्हें गाड़ी चाहिए तो मेरा एक नौकर तुम्हारे साथ जाएगा.
सुनो, यह सीढ़ी सिर्फ छत तक ही जाती है. महल से बाहर निकलने का रास्ता उल्टी दिशा में है.
DONG
मैं भी तुम से दुबारा मिलना पसंद करूगा. बताओ, मैं कहां आऊं? वापस आओ, वो सीढ़ियां सीधे छत पर जाती हैं.


OH!
वो गायब हो गई!
ध्यान देने वाली बात यह है कि इस संस्करण में सिंड्रेला अपने जूते नहीं खोती है. फिर राजकुमार भला उसे कैसे खोजेगा?
DONG!
अच्छा हुआ! मैं आधी रात के कुछ पहले ही घर आने में कामयाब रही.


अब सिंड्रेला वापिस बनने में जो बचा है
वो है रसोई का काम!
पता नहीं कि वो शूरवीर
कौन था. मुझे उसका
कभी भी पता नहीं चलेगा.
मैं इस पोशाक को संभालकर
अलग रखती हूँ.
सिंड्रेला, मैं तुम्हें एक घंटे से बुला
रही हूं. मेरे लिए जल्दी से काढ़ा
बनाकर लाओ, मैं सो नहीं पा रही हूँ.
ठीक है
माँ.

अगले दिन महल में काफी हलचल थी.




तुम क्या सुझाव दे रहे हो? एक सूचना ज़ारी करो कि हमें एक ऐसी युवती की तलाश है, जो एक मीटर अड़सठ सेंटीमीटर ऊंची हो, और जो उड़ना जानती हो?
सर, इसके अलावा हम भला और कर भी क्या सकते हैं?
इस खोज में काफी समय लगेगा. हमें जो भी जानकारी मिलेगी वो एकदम पक्की और पुख्ता होगी.
ठीक है. अब बिना देरी के काम शुरू करो.
मैं चाहता हूं कि हर आदमी इस संदेश की प्रतिलिपियां बनाए.
राजा के आदेश से!
बहुत अच्छा.
भविष्य, लंबी दूरी के संचार पर निर्भर करेगा. हमने पूरे राज्य में एक तानाबाना (नेटवर्क) स्थापित किया है. आपका संदेश हवा की तरह पूरे राज्य में फैलेगा.
पर वो कैसे काम करता है?


वो बड़े महत्व का एक सैन्य रहस्य है जिसके द्‌वारा हम दूर-दराज़ स्थित अपने सैनिकों के साथ संपर्क और संवाद स्थापित कर सकते हैं.
गोपनीय सुरक्षा?
बिल्कुल सही!
बहुत सारी मीनारों के जाल के कारण हम धुएं के संकेतों द्‌वारा संवाद स्थापित करने में सक्षम हैं. लेकिन इस समय सब कुछ प्रायोगिक अवस्था में है.
हेलो!
मेरी बात पर यकीन करो, इस प्रकार के स्थानीयकरण के लिए अत्यंत विवेक की आवश्यकता पड़ती है. हम इस प्रकार के कार्य के विशेषज्ञ हैं - घुसपैठ, सूचना एकत्र करना, संवेदनशील क्षेत्रों के करीब पहुंचना आदि.
ठीक है, नाजुक परिस्थिति में ऐसी कुशलताएं ज़रूरी काम आएँगी. महाराज, यह रहा खोज का नोटिस!
नहीं, कोई लिखित निशान नहीं.
26


समझ गया.
मैं खोज शुरू करूँगा.
?
अरे वाह! ... वे बहुत चालाक हैं.


देखते हैं, एक गुलाबी ग्रेनाइट पत्थर को मीलों दूर से देखा जा सकता है. चलो काम पर लगें...
सन्देश ठीक है. अब हमें इसे पूरे राज्य में भिजवाने की ज़रुरत है.
देखते हैं, आप ' J ' कैसे बनाते हैं?
इस बीच, राजकुमार फिलिप खुद सुरागों की तलाश कर रहा था.


चलो, आगे बढ़ो अब पार करने के लिए सिर्फ एक छोटी सी नदी ही बची है, चलो......
अगर मैं भाई पादरी को इसके बारे में बताऊंगा, तो वो मुझे मार डालेगा.
इस पांडुलिपि का संदेश कमोबेश पढ़ा जा सकता है. सौभाग्य से मैं अपनी लेखन-किट साथ लाया हूँ. मुझे अब अन्य प्रतियों को दुरुस्त करना होगा.


एजेंट X-27, इस संदेश को तुरंत भेजो.
हां बॉस!
देखो, हवा ऊपर आ रही है.
नोट: एक युवा पागल की तलाश - ऊंचाई एक मीटर अट्ठावन सेंटीमीटर, और वो झूठ बोलता हो.
वे चाहते हैं कि हम एक युवती की तलाश करें - ऊंचाई एक मीटर अड़तालीस मीटर और जो रोती हो.
अजीब बात है!



क्या तुम्हें कुछ मिला फिलबर्ट?
कागज का एक टुकड़ा मिला जो ऊल-जलूल संकेतों से भरा हुआ.
विदूषक, तुम्हें अपनी खोज से क्या परिणाम मिले?
हम प्रगति कर रहे हैं, लेकिन हमें अभी और अधिक करना है.


ये संकेत तो जादुई हैं!
केवल जादूगर ही उसे समझ सकेगा.
फिलिप, आज मैंने तुम्हें वर्षों बाद देखा है.
तुम्हारी आंखों पर ये क्या चीजें हैं?
लोग उन्हें चश्मा कहते हैं, और उनसे मैं अधिक स्पष्टता से देख पाता हूँ. विश्वास करो, यह चश्मा मुझे भविष्य देखने में मदद देगा.


समय एक "क्रिस्टल" की तरह है जिसके द्वारा हम दो अलग-अलग पक्षों को देख पाते हैं.
लेकिन भविष्य की चीजें लाने से, बड़ी अव्यवस्था भी पैदा हो सकती है.
जादूगर, मैं एक महिला से मिला हूं जो वाकई में उड़ सकती है. क्या यह संभव है?
ठहरो, मैं तुम्हें कुछ दिखाता हूँ. अरे! मैंने उसे कहाँ रख दिया?
क्या तुमने वो टोपी देखी है जिसे चर्च के गणमान्य लोग पहनते हैं?
क्या तुम्हें पता है कि उन्होंने अतीत से कई सामान उधार लिए हैं. मिसाल के लिए उनकी मुड़े हत्थे वाली छड़ी वही है जिसे रोमन लोग "भविष्यवाणी" करने के लिए उपयोग करते थे. वर्तमान के बिशपों ने उस प्रतिभा को बरकरार रखा होगा इस बात पर मुझे शक है.


हर बात का कुछ अर्थ होता है. मैं अक्सर सोचता था कि वो टोपी उन्हें कहाँ से मिली होगी. फिर मुझे भविष्य की एक पुस्तक में उस प्रश्न का उत्तर मिला:
वो एक उड़ने वाली मशीन है!
नहीं !?!
हाँ, मैं अभी तुम्हें दिखाता हूँ!
कागज का एक चौकोन टुकड़ा लो और उसे एक कोने से शुरू करके एक विकर्ण पर कसकर रोल करो.
ताकि मुड़ने वाला किनारा विकर्ण के बिल्कुल ऊपर हो.


दूसरे ऑपरेशन में वस्तु को खुद पर रोल करना और फिर एक अद्भुत चीज से उसके दोनों कोनों को जोड़ना. यह अद्भुत चीज मैं अपनी भविष्य यात्रा से लाया था. इसे "स्टिकी" या चिपचिपा टेप कहते हैं
इस उड़ने वाली मशीन को "लांच" करना एक नाजुक ऑपरेशन है. सबसे पहले उसके किसी मुक्त कोने को दो अंगुलियों से पकड़ो और फिर उसे क्षैतिज आवेग देते हुए हवा में इस प्रकार फेंको.
इस तरह!
गजब!


यदि उसे सावधानी से बनाकर एक ऊंची चट्टान से फेंका जाए तो वो चीज़ एक लंबी दूरी तय कर सकती है.
ज़रा हम उस महिला पर लौटें, जिसकी मैंने अभी बात की थी. जब वह उड़ी तो उसने यह खोया. क्या वो कुछ जादुई है? मेरे कुत्ते ने उसे आधा खा लिया, इसलिए उसकी उपयोगिता पर मुझे संदेह है.
नहीं. भविष्य में लोग उसे बार-कोड्स कहेंगे. यह एक अजीब तरह का लेखन है जहां, भले ही एक भाग गायब हो, और संदेश दिखाई न दे. फिर भी अगर लकीरें दिखाई दें, तो हम उस सन्देश को जान सकते हैं.
क्या हम इस जादू के सूत्र को डिकोड कर सकते हैं?
हां, लेकिन तुम्हारी उपस्थिति में वो करना संभव नहीं होगा. मुझे एक पल के लिए अपनी प्रयोगशाला में वापस जाने दो.


देखो संदेश कहता है: काले जूते, साइज़ 34, कीमत डॉलर 14.99. हमारी कीमतें सबसे कम हैं.
चुटकी!
SNAP!
मुझे मिल गया! यह उस लड़की के जूते का नाप है. धन्यवाद जादूगर, अब मैं चलूँगा!
विदूषक, उन सभी युवा महिलाओं को खोजो जो 34 साइज के जूते पहनकर नृत्य-पार्टी में आईं थीं.
उस रात वो जो जूते पहने थीं, उनकी मदद से उन्हें खोजने का आदेश दो.


बाद में.....
मेरे जूते 34 नंबर के हैं!
क्षमा करें, वो गलत जूते हैं.
मेरी बेटी थोड़ी विचलित है. तुम्हें पता होना चाहिए कि वे जूते तुमने नृत्य-पार्टी में नहीं पहने थे.
मेरे जूते भी 34 नंबर के हैं!


राजकुमार फिलिप!
!...
निश्चित रूप से मेरी बेटी राजा की नृत्य-पार्टी में वे काले जूते पहन कर गई थी. पर इस निकम्मी लड़की ने वे जूते चुरा लिए. हम उन्हें कब से खोज रहे हैं. उन्हें तुरंत वापस दो!


पर मैं ऐसा नहीं होने दूँगी!
रुको!
झट से सिंड्रेला ने खुद को एक चमगादड़ में बदला.


यह रही मेरी चमगादड़!
क्या?


वो, जो आकाश में उड़ने का रहस्य जानती है.
अब मैं कुछ भी करने को तैयार हूं.
अंत